# कार्यालय परियोजना यंत्री,
## मध्य प्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, संभाग ग्वालियर क्र.01
## फ्लेट नं. 301, 302, तृतीय तल, साक्षी ग्रीन बिल्डिंग, हरदौल गार्डन के पास,
## सचिन तेन्दुलकर मार्ग, ग्वालियर पिन–474006

mpphcgwaliorno1@gmail.com


क्रमांक 1407/ म.प्र.पु.आ.एवं.अ.वि.नि./पयं/तशा/2025, दिनांक :– 27/10/2025

**निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 19/2025–26**

मध्य प्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम संभाग ग्वालियर क्रमांक 01 की ओर से निर्माण कार्य को संपादित करने के लिये भारत–सरकार एवं अन्य राज्य सरकारों के विभाग अथवा इनके सार्वजनिक उपक्रमों अथवा केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा स्थापित स्वायत्त संस्थान एवं मध्य प्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र–अ में प्रतिशत दर पर **भवन निर्माण के कार्य एवं विद्युत कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. के एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2024 एवं कार्पोरेशन में लागू दिनांक 12.01.2024, सड़क के कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग के एस.ओ. आर. 25.03.2022 से प्रभावशील, कार्पोरेशन में लागू दिनांक 15.07.2022 (निविदा आमंत्रण दिनांक तक कार्पोरेशन में लागू संशोधन सहित)** पर दो लिफाफा पद्धति आधार पर ऑनलाइन निविदा निम्नलिखित कार्य हेतु Portal :http://mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती हैं। प्रथम लिफाफा में अमानत राशि, तकनीकी बिड एवं द्वितीय लिफाफा में प्राइज बिड ऑनलाइन प्रस्तुत करनी होगी। बिड **दिनांक 17/11/2025** को उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष **दोपहर 12:00** बजे परियोजना यंत्री द्वारा खोली जावेगी। तकनीकी बिड में सफल निविदाकारों की ही प्राइजबिड खोली जावेगी। इस निविदा में वे ही निविदाकार/फर्म भाग ले सकेगें, जिन्होंने इस निविदा की आवश्यक शर्तों के पालन में शासकीय/अर्द्ध शासकीय/केन्द्र शासन अथवा राज्य शासन द्वारा विधि द्वारा स्थापित स्वायत्त संस्थानों में समान प्रकृति के निर्माण कार्य अन्य मूल भूत सुविधाओं के साथ पूर्ण किया हो। ऐसे निविदाकार जिनके द्वारा किसी भी शासकीय/अर्द्ध शासकीय विभागो/उपक्रमों/निकायों/स्वायत्त संस्थाओं के निर्माण कार्यों के अनुबंध के क्रियान्वयन में निविदाकारों की त्रुटि के कारण असफल होने के फलस्वरूप निविदाकार की कीमत एवं जोखिम पर अनुबंध को समाप्त किया गया हो तो ऐसे निविदाकर अनुबंध समाप्ति दिनांक से आगामी तीन वर्षों के लिये इस निगम की निविदाओं में भाग नहीं ले सकेंगें।

| क्र | जिला का नाम/ऑन लाइन निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि रू. (लाख) | धरोहर राशि (रू.) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | आमंत्रण क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Gwalior/ 2025_MPPHC 458932_1 | रूस्तमजी इस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बी.एस.एफ. अकादमी, टेकनपुर ग्वालियर कैम्पस में छात्रावास भवन, अतिथि विश्राम गृह एवं प्राचार्य आवास निर्माण कार्य। | 627.70 | 6,27,700/- | 15,000/- | 12 माह | प्रथम |
| 2 | Gwalior/ 2025_MPPHC 458953_1 | निर्माण कार्य 50 सीटर बालक छात्रावास भवन एवं 50 सीटर बालिका छात्रावास भवन, शा. उ.मा.वि. कुलैथ घाटीगाँव, जिला ग्वालियर। | 367.96 | 3,67,960/- | 10,000/- | 12 माह | प्रथम |
| 3 | Morena/ 2025_MPPHC 458979_1 | निर्माण कार्य 50 सीटर बालिका छात्रावास भवन, शा. मॉडल उ.मा.वि. कैलारस जिला मुरैना। | 183.99 | 1,83,990/- | 10,000/- | 09 माह | प्रथम |

नोट :–

1. उपरोक्त निविदा प्रपत्र उपरोक्त वेबसाइट से ऑनलाइन भुगतान कर **दिनांक–15/11/2025 अपरान्ह 17:00 बजे** तक खरीदे एवं दस्तावेज अपलोड किये जा सकते हैं। म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम द्वारा निविदा प्रपत्र एवं धरोहर राशि के लिये किसी भी प्रकार की छूट का प्रावधान नहीं किया गया है। तकनीकी बिड **दिनांक 17/11/2025 दोपहर 12:00 बजे** संभागीय कार्यालय में खोली जावेगी। निविदा खोलने के समय संबंधित निविदाकार अथवा उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।
2. कार्य के संबंध में विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।
3. विस्तृत निविदा सूचना अन्य विवरण उपरोक्त दर्शित पोर्टल पर देखे जा सकते हैं।

**आवश्यक शर्तेः–**

1. **निविदाकारों द्वारा पूर्ण किए गए कार्यो को संबंधित कार्यपालन यंत्री स्तर के अधिकारी से सत्यापित कर प्रमाण पत्र ऑनलाईन प्रस्तुत करना अनिवार्य है। ऑनलाईन प्रस्तुत दस्तावेज मान्य होंगे, परन्तु आवश्यक होने पर दस्तावेजों की हार्डकॉपी भी प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। ऑनलाईन प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर ही तकनीकी बिड का परीक्षण किया जावेगा।**

2. निविदाकारों को निम्नानुसार दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करना होगा।
(अ) आयकर चुकता प्रमाण–पत्र अथवा पेन नम्बर की छायाप्रति।
(ब) फर्म के प्रकरणों में फर्म का रजिस्ट्रेशन तथा पॉवर ऑफ अटर्नी की सत्यापित प्रति।
(स) गत पाँच वर्षों में पूर्ण किये गये कार्यों की सूची।
(द) म0प्र0 का वाणिज्य कर अधिनियम के अंतर्गत पंजीयन होने का प्रमाण पत्र, जी.एस.टी. नम्बर की प्रति।
3. ठेकेदारों को प्रचलित प्रस्तावित कानूनों तथा भविष्य निधि संबंधी प्रावधानों का पालन करने का दायित्व होगा।
4. धरोहर राशि, ऑनलाइन द्वारा संबंधित परियोजना यंत्री, मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, संभाग ग्वालियर क्रमांक–01 के खाते में जमा की जावेगी।
5. मॉगे जाने पर मूल दस्तावेज प्रस्तुत करना आवश्यक होंगे।
6. निविदा की अन्य शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ अवलोकन की जा सकती है।
7. ऐसे निविदाकार जो कि वर्तमान में मध्य प्रदेश शासन की केन्द्रीयकृत पंजीयन व्यवस्था के अनुसार निर्धारित श्रेणी में पंजीकृत नहीं है उनको निविदा स्वीकृति पत्र के उपरांत 30 दिवस की अवधि में मध्य प्रदेश शासन लोक निर्माण विभाग के आदेश क. एफ–17–1/बी/19/2010 भाग–4 भोपाल, दिनांक 29.03.2011 के अनुसार पंजीयन कराना अनिवार्य होगा, अन्यथा निविदाकार की अमानत राशि नियमानुसार राजसात की जावेगी, परन्तु निविदा में भाग लेने के लिए निविदा सूचना में दर्शाये गये विभागों में पंजीयन अनिवार्य है।
8. उपरोक्त वांछित दस्तावेज प्रत्येक पृष्ठ स्वप्रमाणित कर ऑनलाईन निविदा में संलग्न करना आवश्यक है। ऑनलाईन निविदा में प्रस्तुत स्वप्रमाणित दस्तावेज ही मान्य होगें।
9. विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण, संभागीय कार्यालय म.प्र.पुलिस आवास एवं अधो.वि. नि. संभाग ग्वालियर क्रमांक–1 से निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती हैं।

परियोजना यंत्री
मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना
विकास निगम ग्वालियर संभाग क्र.01

पृ. क्र. 1407/निविदा/त.शा./मप्रपुआअधोविनि./2025 ग्वालियर/दिनांक 27/10/2025

**प्रतिलिपि :– निम्न की ओर सूचनार्थ प्रेषित**

1. निजसचिव, महानिदेशक/अध्यक्ष सह प्रबंध संचालक महो., मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, भोपाल।
2. कमाण्डेंट, (विशेष कर्त्तव्य अधिकारी), रूस्तमजी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बी.एस.एफ. अकादमी, ग्वालियर।
3. मुख्य परियोजना यंत्री, म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, भोपाल।
4. अधीक्षण यंत्री–1 एवं 2 मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम भोपाल।
5. प्रमुख अभियंता लो.नि.वि./लोक स्वा.यांत्रिकी/जल संसाधन/आर.ई.एस. ग्वालियर, मुरैना।
6. जिला शिक्षा अधिकारी जिला– ग्वालियर, मुरैना।
7. प्राचार्य, रूस्तमजी इस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बी.एस.एफ. अकादमी, ग्वालियर।

***की ओर सादर सूचनार्थ ।***

8. परियोजना यंत्री, म0प्र0 पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, संभाग, ग्वालियर क्र.02, इन्दौर क्रमांक–01 व 02, जबलपुर क्रमांक–01 व 02 व 03/भोपाल 01 व 02/सागर/रीवा/बालाघाट/उज्जैन।
9. परियोजना यंत्री, (विद्युत), म0प्र0 पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, भोपाल।

***की ओर प्रचार–प्रसार हेतु।***

10. प्रोजेक्ट ऑफिसर राष्ट्रीय सूचना एवं विज्ञान केन्द्र, चेतक काम्पलेक्स की ओर कृपया शासकीय वेब साईट पर विज्ञापन प्रदर्शित करने हेतु।
11. लेखा शाखा मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम ग्वालियर संभाग 01 की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
12. प्रशासकीय ठेकेदार एसोसिएशन कार्यालय 32 सुन्दर नगर पिपलानी भोपाल की ओर प्रचार–प्रसार हेतु।
13. नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

परियोजना यंत्री
मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना
विकास निगम ग्वालियर संभाग क्र.01